हरिभूमि
विराट भूमि
शहडोल | बुढ़ार | धनपुरी | ब्यौहारी | जयसिंहनगर | बाणसागर

जबलपुर, गुरुवार 8 मई 2025
login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

मारपीट कर बदमाशों ने की लूटपाट

शहडोल। जिले के सिंहपुर थाना क्षेत्र में एक स्थानीय सोशल वर्कर प्रकाश राव के साथ अज्ञात बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। घटना बीती रात लगभग 11 बजे फतेहपुर गांव के समीप घटी, जब प्रकाश राव मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। बदमाशों ने उनकी बाइक को रुकवाकर उन्हें कार में बैठकर मारपीट की और उनके पास मौजूद मोबाइल फोन तथा बैग लूट लिए। प्रकाश राव, निवासी सिंहपुर एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं और स्थानीय समुदाय में उनकी अच्छी छवि है। उन्होंने पुलिस में घटना की शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद स्थानीय पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, प्रकाश राव जब शहडोल से सिंहपुर जा रहे थे, तब चार बदमाश एक कार में सवार होकर आए। उन्होंने प्रकाश की बाइक के सामने अपनी गाड़ी लगा दी और उसे रुकने के लिए मजबूर किया। इसके बाद, उन्होंने प्रकाश के साथ मारपीट की और उनके पास मौजूद सामान लूट लिया। पुलिस ने बताया कि इस मार्ग पर रात के समय वाहनों की आवाजाही कम रहती है, जो इस प्रकार की घटनाओं को बढ़ावा देती है। सिंहपुर थाना प्रभारी एम.एल. रंगडाले ने कहा, पीड़ित की शिकायत पर हमने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्हें चोट आई है और हम आरोपियों की तलाश में जुटे हुए हैं। इस क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर हम सतर्क हैं और ऐसे मामलों की रोकथाम के लिए अधिक प्रयास करेंगे। स्थानीय निवासियों ने इस घटना पर चिंता व्यक्त की है।

जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन भागीदारी से किया जा रहा कार्य



शहडोल। पानी आप बचाओ, पानी आपको बचाएगा सरकार और समाज दोनों को मिलकर जल के महत्व को समझना चाहिए और इसे बचाने के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। जल जीवन का अभिन्न अंग है, और इसके बिना न तो कृषि संभव है, न ही उद्योग, और न ही हमारी दैनिक आवश्यकताएँ पूरी हो सकती हैं। अतः जल का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरपालिका शहडोल अंतर्गत घरौला मोहल्ला स्थित तालाब में स्व-सहायता समूह की महिलाएं जिन्हें जल मित्र का दायित्व दिया गया है, नगरपालिका शहडोल टीम एवं जन भागीदारी से जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए श्रमदान किया गया। उक्त कार्य में पार्षद सिल्लू रजक, नोडल अधिकारी उपयंत्री सुखेंद्र सिंह तोमर, स्वच्छता प्रभारी मोतीलाल सिंह सहित जनमानस ने अपनी भूमिका निभाई।

वरिष्ठ नागरिक वाणीविलास मिश्रा का दुःखद निधन

शहडोल। जिले के वरिष्ठ पत्रकार सुभाष मिश्रा के पिताजी कोटमा तिराहा निवासी शहडोल नगर के वरिष्ठ नागरिक वाणीविलास मिश्रा का स्वर्गवास बुधवार को शाम 5 बजे उनके निज निवास स्थान पर हो गया है, उनके दुःखद निधन से वार्ड, नगर में शोक की लहर छा गई है, शहडोल नगर के पत्रकार, नागरिक एवं वार्ड वासियों ने दुःख व्याप्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की है, उनका अंतिम संस्कार 8 मई गुरुवार को सुबह 10 बजे बड़ीभीठ तालाब पटेल नगर पर किया जाएगा।

स्वास्थ्य केंद्रों से अनुपस्थित कर्मचारियों को शोकाज

उमरिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस.बी.चौधरी ने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बिना पूर्व किसी सूचना व बिना किसी अधिकृत अधिकारी द्वारा स्वीकृत अवकाश के बिना अपने कार्य से अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों को शो काज नोटिस जारी किया गया है। निर्धारित समय सीमा में जवाब प्रस्तुत न होने की स्थिति में वेतन कटौती की कार्यवाही की जाएगी।

आयुक्त के कड़े निर्देश धूल खा रहे, प्राचार्य कर रहे मनमानी

महाविद्यालयों में वर्षों से बाबूगिरी कर रहे प्रयोगशाला तकनीशियन

हरिभूमि न्यूज, उमरिया।

महाविद्यालय जैसे शिक्षा के शीर्षस्थ संस्थानों में भी शासकीय नियमों का उल्लंघन तथा मनमानी आचरण विद्यमान है। जिसकी जानकारी बड़े अफसरों को दिए जाने के बाद भी कोई सुधार नहीं होता है। शासन द्वारा जिले के महाविद्यालयों की जांच पड़ताल भी कड़ाई से नहीं की जा रही है। यही कारण है कि अग्रणी महाविद्यालय समेत जिले भर के महाविद्यालयों में लैब तकनीशियन और प्रयोगशाला परिचारक नियमविरुद्ध बाबूगिरी कर रहे हैं। जबकि लैब का काम प्रभावित हो रहा है। बताते हैं कि इनसे कार्यालय के लेखा व स्थापना संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं। महाविद्यालयों में व्याप्त अव्यवस्थाओं में से यह भी एक है। ऐसा नहीं है कि लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों की कमी है और वे इस कार्य को नहीं कर सकते लेकिन इसके बावजूद महाविद्यालय प्रशासन द्वारा नियमों और आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेशों का उल्लंघन किया जा रहा है। जबकि आयुक्त ने करीब 10 वर्ष पूर्व इस संबंध में कड़े निर्देश जारी किए थे और प्राचार्यों पर पालन करने की जिम्मेदारी सौंपी थी, फिर भी हालात नहीं सुधरे। यह स्थिति जिले के लगभग सभी शासकीय महाविद्यालयों में निर्मित कर दी गई है। जिसे छात्रहित में सुधारा जाना अति आवश्यक है।

यह थे आयुक्त के आदेश

आयुक्त उच्च शिक्षा भोपाल ने वर्ष 2015 में यह निर्देश दिया था कि महाविद्यालयों में पदस्थ अन्य किसी कर्मचारी को कैशियर/लेखापाल का प्रभार न दिया जाए। तत्कालीन उच्च शिक्षा आयुक्त उमाकांत राव ने यह भी निर्देश दिए थे कि यदि वर्तमान में प्रयोगशाला तकनीशियनों एवं अन्य कर्मचारियों से उक्त कार्य कराया जा रहा है तो उन्हे तत्काल कैशियर/ लेखापाल के कार्य से मुक्त किया जाए। अन्य विकल्प नहीं होने पर व आवश्यक होने पर ही लेखा परीक्षा उत्तीर्ण लिपिकीय संवर्ग कर्मचारियों से कैशियर/लेखापाल संबंधी कार्य कराया जाए। आयुक्त के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद महाविद्यालयों ने उसकी अवहेलना की और आज तक स्वेच्छाचारिता का परिचय दे रहे हैं। इससे महाविद्यालयों में शासकीय अनुशासन के छिन्न-भिन्न होने की जानकारी मिलती है।

प्राचार्य को दी थी जिम्मेदारी

इस संबंध में आयुक्त द्वारा एक प्रपत्र में जानकारी तथा यह प्रमाण पत्र भी समस्त महाविद्यालयों से चाहा गया था कि तदाशय की जानकारी उन्हे समय सीमा में उपलब्ध करा दी जाए। साथ ही यह भी निर्देश था कि इस आदेश का कड़ाई से पालन किया जाए यदि आदेश का उल्लंघन होता है तो इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व प्राचार्य का होगा। उनके विरुद्ध मप्र सिविल सेवा 1966 के प्रावधानों के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्रवाई सस्थापित की जाएगी। हालांकि अपने कड़े निर्देशों में आयुक्त ने प्राचार्य पर निर्देश पालन की जिम्मेदारी सौंप कर उन्हे चेतावनी दी थी लेकिन इसके बावजूद कोई असर नहीं हुआ और महाविद्यालयों के हालात जस के तस

बने रहे। एक यही नहीं शासन की ओर से सुधारों के लिए जारी किए जाने वाले कितने ही आदेश हैं जिन्हे प्राचार्य व उनका स्टाफ कभी तरजीह नहीं देता है।

रद्दी की टोकरी में फेंका आदेश

आयुक्त उच्च शिक्षा के आदेश को जिले के समस्त महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने मानो रद्दी की टोकरी में फेंक दिया, नियम विरुद्ध लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों को लेखापाल का कार्य आज तक नहीं सौंपा गया। हैरानी की बात यह है कि जब महाविद्यालय के कार्यालयीन स्टाफ में लिपिक संवर्ग में पात्र कर्मचारी मौजूद हैं तो फिर अन्य कर्मचारियों से लेखापाल व स्थापना का कार्य क्यों कराया जा रहा है। जिले के कलेक्टर एवं क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग रीवा संभाग से इस संबंध में वस्तुस्थिति का परीक्षण कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी आवश्यक है। अन्य कर्मचारियों से लेखापाल का काम कराने से वित्तीय अनियमितताओं की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है।

प्रयोगशालाओं के कार्य प्रभावित हैं

प्रयोगशालाओं के टेक्नीशियन व परिचारक चूंकि बाबूगिरी करने में व्यस्त रहते हैं इसलिए विज्ञान संकाय के विषयों के प्रयोगशाला संबंधी प्रैक्टिकल कार्य प्रभावित रहते हैं। कुछ छात्रो ने बताया कि एक लैब के कर्मचारी ही दिखाई नहीं पड़ते हैं यदि दिखते भी हैं तो वे कार्यालयीन व्यस्तता का वास्ता देकर टाल मटोल करते हैं। महीने में मुश्किल से एक या दो दिन ही प्रैक्टिकल हो पाते हैं। हालत यह है कि जब प्रयोगशालाओं में स्टाफ बढ़ाए जाने की आवश्यकता है तब जो स्टाफ है भी उसे भी इधर उधर लगा दिया गया है। ऐसी स्थिति में प्रायोगिक कार्य लगभग बंद से पड़े हुए हैं जिनसे छात्र-छात्राएं वंचित हैं। प्राचार्य विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने में कोई कोताही नहीं बरत रहे हैं।

कम अंक आने पर बालिका फांसी पर झूली

शहडोल।

मंगलवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा के रिजल्ट घोषित होने के बाद जहां कई विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत का फल पाया, वहीं एक 12वीं की छात्रा ने कम प्रतिशत से निराश होकर आत्महत्या का कदम उठाया। यह दुखद घटना जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के ग्राम देवरा की है, जहां 18 वर्षीय अनुभा शुक्ला ने अपने घर में फांसी लगाकर जीवन का अंत कर लिया। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुभा के पिता प्रभाशंकर शुक्ला के परिवार ने बताया कि उसे रिजल्ट देखने के बाद जब पता चला कि उसका प्रतिशत लगभग 62त्न के आस पास है, तो वह अत्यधिक नर्वस हो गई। हमने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन वह लगातार रोती रही और गम में डूबी रही, अनुभा की माँ ने कहा। परिवार ने उसे शांत करने की कोशिश की, लेकिन कुछ ही समय बाद जब वह कमरे में गई, तो परिजनों को उसकी स्थिति का अंदाजा नहीं था। छात्रा के आत्महत्या करने की घटना ने पूरे गाँव में शोक की लहर दौड़ा दी है। गांव के कई लोग इस घटना को लेकर चिंतित हैं। एक स्थानीय निवाशी ने कहा, यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम अपनी युवाओं की मानसिक स्थिति पर ध्यान दे रहे हैं? शिक्षा के दबाव के कारण कई बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। इस घटना ने सभी को यह याद दिलाया है कि शिक्षा केवल अंक नहीं, बल्कि बच्चों की भलाई और मानसिक स्वास्थ्य का भी विषय है। ऐसे में यह आवश्यक है कि परिवार, शिक्षक और समाज मिलकर बच्चों को समर्थन दें और उन्हें समझाएं कि जीवन में असफलताएँ भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती हैं, जितनी सफलताएँ।

इनका कहना है...

हालात की गंभीरता को समझते हुए हमने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की विवेचना शुरू कर दी है। यह बेहद दुखद घटना है, हम इसकी जांच करेंगे।

एस.पी.चतुर्वेदी
थाना प्रभारी, जयसिंहनगर

सड़क हादसे में मामा-भांजे की मौत

शहडोल। जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के कनाडी गांव के पास हुए क हादसे में दुल्हन के सगे भाई रंगेलाल बैगा उम्र 28 वर्ष और भांजे शशिकांत बैगा उम्र 19 वर्ष की मौत हो गई। यह घटना उस समय घटी जब वे शादी की तैयारी में लगे हुए थे और पानी के पाउच की बोरियां लेने के लिए निकले थे। पुलिस के अनुसार, यह दुखद घटना रात लगभग 3 बजे हुई। रंगेलाल और शशिकांत एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर टेटका जा रहे थे, तभी कनाडी गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, एंबुलेंस आने से पहले उनकी मौत हो गई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि घटनास्थल पंडाल से महज कुछ दूरी पर था। तेज आवाज सुनकर जब हमने मौके पर जाकर देखा तो दोनों अचेत अवस्था में पड़े थे। एंबुलेंस को मौके पर बुलाया गया, लेकिन उसके पहले ही दोनों ने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी एसपी चतुर्वेदी ने बताया कि मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है, हादसे के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया है,

सडक़ हादसे में पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत

शहडोल।

जिले के देवलोंद थाना क्षेत्र में जगमल गांव के पास बुधवार को एक भीषण सडक़ हादसे में एक पिता और पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना ने न केवल मृतक के परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में मातम छा गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक भगवान दिन दुबे उम्र 60 वर्ष और उनके पुत्र लकी दुबे उम्र 32 वर्ष मोटरसाइकिल पर सवार होकर रीवा में रिश्तेदारी के लिए जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार अज्ञात हाइवा वाहन ने उन्हें कुचल दिया। पुलिस के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब पिता-पुत्र की मोटरसाइकिल शहडोल-रीवा मार्ग पर जगमल गांव के समीप पहुंची तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना के बाद तुंरत पुलिस को सूचित किया। थाना प्रभारी सुभाष दुबे ने बताया, घटना की सूचना मिलते ही हमारी टीम मौके पर पहुंच गई थी। हमने शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक पिता-पुत्र दोनों बरौधा के वार्ड नंबर 9 के निवासी थे। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि अज्ञात हाइवा वाहन ने बाइक सवार दोनों को कुचला और वहां से फरार हो गया। पुलिस अब हाइवा वाहन की तलाश कर रही है और इस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

लापरवाही करने पर प्रभारी नायब तहसीलदार को नोटिस

शहडोल। कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने उमरिया जिले के प्रभारी नायब तहसीलदार वृत्त अमिलिहा एवं बकेली, तहसील पाली, सनत सिंह को कार्यों में लापरवाही बतरने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया था तथा प्रकरणों का अवलोकन किया गया था।कमिश्नर ने आदेश जारी करते हुए प्रभारी नायब तहसीलदार के पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई है, जिसके लिए वे दोषी हैं। अतएव प्रस्तुत उत्तर संतोषप्रद व समाधानकारक न पाये जाने के कारण म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के नियम-10(4) के अंतर्गत आगामी 02 वार्षिक वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोकते हुये जारी कारण बताओ सूचना पत्र से प्रचलित कार्यवाही इसी स्तर समाप्त किया जाता है।

घर से दूर रहकर हिना ने मेरिट में बनाया स्थान

शहडोल। सीमित संसाधनों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बावजूद हिना देवी ने अपने दृढ़ संकल्प और मेहनत के बल पर प्रदेश स्तरीय मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। मूल रूप से अनूपपपुर जिले के एक छोटे से गांव की रहने वाली हिना देवी ने घर से दूर रहकर संभागीय मुख्यालय शहडोल के ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में कला संकाय में कक्षा 12वीं अध्ययरत थी और पढ़ाई की, कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई जारी रखी और शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक मिसाल कायम की है। परीक्षा में न केवल सफलता प्राप्त की, बल्कि मेरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज करवा कर जिले का नाम भी रोशन किया। सीमित साधनों के बीच रहकर उन्होंने अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखा और समाज के उन युवाओं के लिए प्रेरणा बनीं जो कठिनाइयों से घबराते हैं। हिना देवी का कहना है कि कक्षा 12वीं के लिए वो हर दिन 7 से 8 घंटे पढ़ाई करती थीं। इसके लिए उन्होंने अपना रूटीन तय कर रखा था. स्कूल से आकर घर के काम के लिए भी समय निर्धारित कर रखा था और फिर जो भी समय बचता था उसमें सिर्फ और सिर्फ पढ़ाई करती थी. हिना ने कहा, मुझे सिविल सर्विसेस में जाना है, इसलिए मैंने आर्ट सब्जेक्ट लिया था। अभी ग्रेजुएशन करने के बाद सिविल सिर्विस की तैयारी करूंगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा मंगलवार को हायर सेकेंडरी एवं हाई स्कूल के बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए थे।

आमसूचना

मेरा कायार्थी फादर जगन राज सेंट एलायसेस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कुदरी शहडोल का संचालक हैं मेरे कायार्थी के द्वारा विद्यालय की आराजी खसरा नं0 507/1/1/2 रकवा 0.202 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु माननीय कलेक्टर महोदय के न्यायालय में आवेदन किया था जिस पर अधीक्षक भू-अभिलेख जिला शहडोल के द्वारा टीम गठित कर उक्त आराजी का सीमांकन किया गया हैं जिसका राजस्व प्रकरण क्रमांक 0660/अ-12/2024-25 आदेश दिनांक 17.12.2024 हैं। उक्त नाप के द्वारा मेरे कायार्थी को संस्था की भूमि का जो सीमा चिन्ह बताया गया हैं उसके अनुसार उक्त आराजी वर्तमान में संचालित विद्यालय के मुख्य गेट के सामने स्थित हैं जिस पर मेरे कायार्थी / संस्था के द्वारा बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाना है। यदि उक्त आराजी या उसके किसी भी भाग पर किसी भी व्यक्ति को बाउंड्रीवॉल निर्माण में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह आज दिनांक 06.05.2025 से 30 दिवस के अंदर विद्यालय में उपस्थित हो अथवा मेरे कायार्थी से संपर्क कर अपनी आपत्ति दर्ज करावें अन्यथा म्याद गुजरने के बाद उक्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा एवं उसके लिये वह स्वयं उत्तरदायी होगा।

भवदीय
फादर जगन राज
संचालक
सेंट एलायसेस सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल
कुदरी, जिला-शहडोल (म.प्र.)

खबर संक्षेप

बिजली आपूर्ति 8 मई को बंद रहेगी

हरिभूमि न्यूज उमरिया। कार्यपालन अभियंता संचा, संधा मप्रपूक्षेविकंलि ने बताया कि 132 केव्ही उप केंद्र उमरिया में 132/33 केव्ही 50 एमव्हीए ट्रांसफार्मर आई/सी 2 33 केव्ही साइड के वाय फेज कंडक्टर को बदलने एवं मेन बस में अन्य मेंटीनेंस कर्य हेतु बिजली आपूर्ति 8 मई को प्रातरू 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि बिजली आपूर्ति बंद रहने के दौरान चंदिया उपकेंद्र , पथरहठा उपकेंद्र, अखड़ार उपकेंद्र, कौडिया उपकेंद्र, कुदरा उपकेंद्र से निकलने वाले सभी 11 केव्ही फीडर से संबंधित समस्त ग्राम प्रभावित होगे। इसी तरह उमरिया उपकेन्द्र से निकलने वाले 11 केव्ही लोढ़ा, बरबसपुर फीडर से संबंधित समस्त ग्राम प्रभावित होंगे । इसी प्रकार रीवा रोड हास्पिटल स्टेशन रोड 11 केव्ही लाईन आंशिक रूप से चालू रहेगी। आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई एवं बढ़ाई जा सकती है। उपभोक्ताओ से वैकल्पिक व्यवस्था के साथ ही सहयोग की अपेक्षा की गई है।

10 मई को नेशनल लोक अदालत

हरिभूमि न्यूज उमरिया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 10 मई 2025 को वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसके अंतर्गत म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार उमरिया जिले में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। इस हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। न्यायालय में लंबित एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरण के निराकरण हेतु तहसील न्यायालय बीरसिंहपुर पाली एवं मानपुर को सम्मिलित करते हुये जिला उमरिया में कुल 12 खण्डपीठ का गठन किया गया है। वर्तमान स्थिति में 1081 प्रकरण न्यायालयों से नेशनल लोक अदालत में रेफर किये गये है, तथा प्रिलिटिगेशन स्तर पर बैंक रिकवरी के 1673 प्रकरण, जलकर/ संपत्तिकर के लगभग 150 प्रकरण है। आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का उद्देश्य यह है कि लोग सस्ता, सुलभ और शीघ्र न्याय प्राप्त कर सके। इस हेतु प्रीलिटिगेशन स्तर पर बिजली चोरी एवं जलकर, संपत्तिकर के मामलों में नियमानुसार छूट का भी प्रावधान किया गया है।

आमांडाड खुली खदान में करोड़ो के सामान की बर्बादी

हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा। आमांडाड खुली खदान परियोजना जो जमुना कोतमा क्षेत्र की जीवनदायनी परियोजना है लेकिन खेद की बात है कि की इतनी बड़ी परियोजना अधिकारियों के कुप्रबंधन की भेट चढ़ती जा रही है जिससे कंपनी और राष्ट ओर कंपनी का करोड़ों का नुकसान हो रहा है है अभी हाल ही में आमांडाड प्रबंधन द्वारा मशीन मेंटेनेंस के नाम पर 566554रुपए की फर्जी नोट सीट बनाकर पेमेंट कराने का प्रयास किया जा रहा है वही कई करोड़ की राशि का सामान आमांडॉड परियोजना में खुले में रखकर बर्बाद किया जा रहा है जैसे बैटरी, स्विच स्टार्टर, पावर केबिल स्टील रोप, रोलर जिनकी कीमत कई करोड़ रुपए है वह देखने वाला कोई नहीं है। प्रबंधन सिर्फ रोड सेल में व्यस्त रहता है तथा रोडवेल से मोटी राशि वसूल करके टॉप टू बॉटम बंदर बाट किया जा रहा है समय रहते उच्च प्रबंधन द्वारा इस पर गंभीरता नहीं दिखाई गई तो ये जीवन दायनी परियोजना याद बनकर रह जाएगी।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत 326 जोड़े एक दूजे के हुए

पिता के मस्तक से बेटियों की शादी की चिंता समाप्तः प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज उमरिया। प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत लाखो बेटियों की शादी करा चुकी है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना ने पिता के मस्तक से बिटिया की शादी की चिंता को समाप्त कर दिया है। अब घर जैसे वातावरण में बेटियों का विवाह संपन्न कराया जा रहा है। उक्त आशय के विचार प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री ने कॉलरी स्कूल परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि बेटियों के जन्म से लेकर उनके विवाह तक की व्यवस्था प्रदेश सरकार ने की है। जन्म लेने पर लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ, छात्रवृत्ति, स्कूल जाने के लिए निशुल्क सायकल, गणवेश, विवाह योग्य होने पर मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के संर्वागीण विकास के लिए प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। महिलाओं को लाड़ली बहना योजना के तहत 1250 रुपये दिए जा रहे है, उस राशि का उपयोग वे अपने एवं अपने परिवार के जीवन को बेहतर बनाने में कर रही हैं। इसी तरह महिलाए स्व सहायता समूह से जुडकर आत्म निर्भर बन रही है। किसानों को पी एम किसान सम्मान निधि योजना एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ दिया जा रहा है। कृषि के क्षेत्र में नई नई तकनीकों एवं विधियों को ईजाद किया गया है, ताकि किसानों के लिए खेती को लाभ का धंधा बनाया जा सके।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सडक़ योजना के तहत ग्रामो में पक्की सडक़ो जाल बिछाया गया है। नल जल योजना के

माध्यम से शुद्ध पेयजल आम जनों को उपलब्ध कराया जा रहा है।

विधायक बांधवगढ़ शिव नारायण सिंह ने कहा कि बेटी है तो कल है। बेटियां एक कुल नही बल्कि दो कुलो का नाम रोशन करती है। नर की सेवा नारायण की सेवा मानते हुए प्रदेश सरकार काम कर रही है, और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुँचा कर पहली पंक्ति में लाने का काम कर रही है।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि पहले जब घर मे बेटी पैदा होती थी,तो उनके माता पिता बेटी की पढ़ाई, शादी की चिंता में डूब जाते थे। बेटी के विवाह के लिए साहूकारो से कर्जा लेते थे, लेकिन मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के प्रारंभ होने से माता पिता बेटियों की शादी की चिंता से मुक्त हो गए है। उन्होंने कहा कि एक जोड़े पर प्रदेश सरकार द्वारा 55 हजार रुपये व्यय किये जा रहे है, जिसमे 49 हजार रुपये का चेक वधू को दिया जाता है, शेष 6 हजार रुपये शादी की व्यवस्था में व्यय किये जाते है। प्रदेश सरकार ने जन जन के कल्याण के विभिन्न योजनाओं का संचालन किया है। कार्यक्रम को जनप्रतिनिधि आशुतोष अग्रवाल ने संबोधित करते हुए नव जोड़ो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के कल्याण

सरकार जन कल्याण के लिए कर रही योजनाओं का संचालनः कलेक्टर

के लिए जन हितैषी योजनाओं का संचालन किया है। जिसका लाभ आम जनों को प्राप्त हो रहा है। आम जनों की खुशहाली एवं तरक्की के लिए प्रदेश सरकार निरंतर रूप से कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना ने हजारो बेटियों के जीवन में खुशियां लाने का कार्य किया है। कार्यक्रम में बिरहुलिया के कलाकारों व्दारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के पूर्व 326 जोड़ो की बारात कॉलरी स्कूल प्रांगण से निकाली गई जिसमें 3 जोड़े कल्याणी , एक जोड़ा अंतरजातीय तथा दो अनाथ वधुएं थी, जिनके माता पिता दोनो नही थे , शामिल रहे। बारात में जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, वनमंडला अधिकारी विवेक सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल, मिथिलेष मिश्रा, जनपद पंचायत करकेली अध्यक्ष प्रियंका मून सिंह, शंभूलाल खट्टर सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। बारात का स्वागत प्रशासन की तरफ

से सीईओ जनपद पंचायत करकेली एवं नोडल अधिकारी हरनीत कौर कलसी तथा उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग राजीव गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के अंत में कुमारी मुस्कान बैगा ग्राम भरौला , राधा कोल ग्राम बडेरी, रूकमणि काछी ग्राम लोढा को 49 हजार रूपये का चेक मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों व्दारा प्रदाय किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित अन्य अतिथियों ने नव वर वधुओ पर पुष्प वर्षा कर उन्हें शुभाशीष प्रदान किया। कार्यकम का संचालन श्री सुषील मिश्रा ने किया।

जल की एक एक बूंद को संरक्षित करना नैतिक जिम्मेदारीः चौहान

डेंगरहा नाला में बोरी बंधान कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज उमरिया। प्रदेश के साथ साथ उमरिया जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान का संचालन किया जा रहा है। उमरिया जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ साथ अपनी मिट्टी अपना जल आओ बनाए बेहतर कल का नवाचार आयोजित किया जा रहा है। ग्रामीण जल के एक एक बूंद का संवर्धन करने का संकल्प लें। बोरी बंधान जल संवर्धन के लिए एक अच्छा प्रयास है । जल और जंगल का संरक्षण सुरक्षित भविष्य के लिए आवष्यक है जिसका निर्वहन उमरिया जिले में बाखूबी हो रहा है। बोरी बंधान हो जाने पर जहाँ जल स्त्रोत में वृद्धि होने पर यह पानी पशु पक्षियो के साथ ही ग्रामीण जनों के काम आएगा। बोरी बंधान हो जाने पर जल स्तर बढ़ेगा इसके साथ ही पेयजल संकट से भी मुक्ति मिलेगी । उक्त आशय के विचार प्रदेश सरकार के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने मानपुर जनपद पंचायत के बरबसपुर डेंगरहा नाला में आयोजित बोरी बन्धान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जल की एक एक बूंद को बचाना हम सबकी की नैतिक जिम्मेदारी है। जल है तो कल है , इस परिकल्पना को साकार करने के लिए सभी ग्रामीणो को जल को संरक्षित करने की दिशा में प्रदेश सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करना होगा। जल संरक्षण के लिए बोरी बांध बेहद सस्ता और प्रभावकारी है। इससे नालों को पुनर्जीवित किया जा सकता है, जिससे भूगर्भ जलस्तर में सुधार के साथ किसानों के लिए सिंचाई व मवेशियों के लिए पीने का पानी मिलना सुलभ हो जाता है। उन्होने कहा कि जल के महत्व को समझते हुए पानी को व्यर्थ नही बहाएं ,जल ही जीवन है। जल को बनाया तो नही जा सकता, लेकिन बचाया जरूर जा सकता है, इसके लिए आवश्यक है कि अपने ग्राम स्थित छोटी छोटी नदी, नालों पर बोरी बंधान करें तथा जल स्त्रोत के आस पास साफ सफाई रखें । कलेक्टर धारणेंद्र कुमार जैन ने कहा कि जल की एक -एक बूंद को सहेजने ग्राम पंचायतों में बोरी बंधान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिले में 200 स्थलों का चयन बोरी बंधान के लिए चिन्हित किये गये है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार व्दारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान,जन अभियान बनता जा रहा है, जिसमें सभी वर्ग के लोग अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जल को संरक्षित करनें का कार्य कर रहे है । अभियान के तहत नदी, नालो, तालाबो, पोखर, बावडियो , कुओ की साफ सफाई तथा जीर्णोध्दार के कार्य किए जा रहे है , इसके साथ ही अमृत सरोवर, खेत तालाब का भी निर्माण किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रतिदिन ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो अनवरत 30 जून तक चलता रहेगा ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह ने कहा कि जल ही जीवन है। जल के बिना मानव का जीवन संभव नही है। प्रदेश सरकार के आव्हान पर उमरिया जिले की ग्राम पंचायतों में भी निरंतर बोरी बंधान, तालाबों, कुओं, घाटों के आस पास साफ सफाई के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है तथा जल को संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर पर वनमंडला अधिकारी विवेक सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल, मिथिलेश मिश्रा, जनपद पंचायत करकेली अध्यक्ष प्रियंका मून सिंह, शंभूलाल खट्टर, ग्राम के सरपंच, सचिव सहित अन्य जनप्रतिनिधि व ग्रामीण जन शामिल हुए। कार्यक्रम के पूर्व जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल, मिथिलेष मिश्रा ने कथली पुल पर हुए बोरी बंधान कार्य का निरीक्षण किया तथा बोरी बंधान के कार्य की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक जन अभियान परिषद के परामर्षदाता राघवेन्द्र व्दिवेदी ने किया।

सुगम जगहों पर कार्य करने को सफलता नहीं माने: चौहान

प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज उमरिया। शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए हितग्राहियों को भटकना नही पड़े इस बात पर विषेष ध्यान दिया जाए। योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। सुगम जगहों पर कार्य करने को सफलता नही मानें, बल्कि दुर्गम जगहों पर कार्य करके सुविधाएं पहुंचाएं। धरती आबा योजना के तहत समस्त योजनाओं का लाभ संबंधित हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए। उक्त आशय के निर्देष प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने जिला पंचायत सभागार में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि जिले की तीनों विकासखंडो में 11 अमृत सरोवर लक्ष्य के विरुद्ध 9 में प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। खेत तालाब में 710 लक्ष्य के विरुद्ध 740 स्थल चयन किए गए है, 627 में तकनीकी स्वीकृति जारी की गई है एवं 620 में प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। 426 कार्य प्रारंभ है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 10 तालाबों का जीर्णोध्दार किया गया है। पूर्व वर्षों के पूर्ण 116 अमृत सरोवरों को राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया गया है। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा भी जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न कार्य किये गए है।

जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जन भागीदारी से जल का संरक्षण एवं संवर्धन करना है। अभियान के तहत 30 जून तक नवीन जल संग्रहण संरचनाओं का निर्माण, भू जल संवर्धन, तालाबों की साफ सफाई, जीर्णोद्धार का कार्य किया जाए। अभियान में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों , स्वयं सेवी संस्थाओं , स्व सहायता समूह की महिलाओं, जन अभियान परिषद का सहयोग लिया जाए।

जिला प्रभारी मंत्री ने नल जल योजना एवं जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत,पूर्ण, प्रगतिरत , प्रारंभ , अप्रारंभ कार्यों की जानकारी प्राप्त की । जिस पर कार्य पालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बताया कि नल जल योजना के तहत जिले में 263 समूह योजना है। एकल योजना की संख्या 293 है। स्वीकृति हेतु 1 ग्राम शेष है। जल जीवन मिशन के तहत 102761 परिवारों में से 794884 लोगो को पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। जिले में 8957 हैंडपंप है जिसमें 8831 चालू है। सुधार योग्य 126 है। बैठक में विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह ने कहा कि महोबाढादर, बिछिया, टिकुरा पठारी सहित अन्य ग्राम पहाडी मे होने के कारण पानी नही पहुंच पा रहा है जिस पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि ग्रीष्म काल में पेयजल की समस्यां नही हो, इस पर विषेष ध्यान दिया जाए। उन्होने कहा कि सुगम जगहो पर कार्य करने को सफलता नही मानें, बल्कि दुर्गम जगहो पर कार्य करके दिखाएं । उन्होने कहा कि जिस ग्राम में पानी की समस्या उत्पन्न हो रही है वहां पर प्राथमिकता से पेयजल उपलब्ध कराया जाए ताकि ग्रीष्म काल में आम जनों को पानी के लिए परेशान नही होना पड़े ।

बैठक में बताया गया कि आकाशकोट ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के प्रारंभ हो जाने पर उमरिया जिले के 108 ग्रामों को पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। बल्हौड़ ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के संबंध में बताया गया कि 29 ग्रामों मे से 16 ग्रामों में टेस्टिंग चरण मे जल प्रदाय प्रारंभ कर दिया गया है। जिला प्रभारी मंत्री ने एसडीएम मानपुर के नेतृत्व में टीम बनाने के निर्देश कलेक्टर को दिए । इसी तरह इंदवार - 1 ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के तहत 68 ग्रामों में से 65 ग्रामों में नियमित रूप से जल प्रदाय किया जा रहा है। तीन ग्राम कोठिया, मझौली, कुदरी में लीकेज की समस्या होने पर सुधार कार्य किया जा रहा है। जिला प्रभारी मंत्री व्दारा स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, बिजली विभाग, पीएम जन मन योजना , महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग , अटल गृह ज्योति योजना, की समीक्षा की। उन्होने महिला एवं बाल विकास अधिकारी से कहा कि मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए तथा हितग्राहियों को लाभांवित करने की कार्यवाही की जाए । वर्तमान में 378 बच्चों को मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि जिला प्रभारी मंत्री व्दारा दिए गए निर्देषों का अक्षरशः पालन किया जाएगा तथा शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का कार्य तीव्र गति से किया जाएगा। बैठक का आभार प्रदर्शन सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने किया।

सरस्वती शिशु मंदिर परिवार का बेहतरीन प्रदर्शन

विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में रचा कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। विद्या भारती सरस्वती शिक्षा परिवार से संबद्ध विद्यालयों ने इस वर्ष की माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर जिले में सफलता की नया इतिहास लिखा। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने न केवल अपने संस्थान का नाम रोशन किया, बल्कि जिले की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जैतहरी ने भी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गौरवशाली परंपरा को कायम रखा। कक्षा 12वीं (गणित संकाय) में महक शिवहरे ने 500 में से 481 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा कृष्ण कुमार तिवारी ने 500 में से 471 अंक अर्जित कर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों ने जैतहरी तथा जिले का गौरव बढ़ाया। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमरकंटक के छात्र शिवांश त्रिपाठी (पिता शिवप्रसाद त्रिपाठी) ने 500 में से 484 अंक अर्जित कर अनूपपुर जिले की मेरिट सूची में दूसरा स्थान प्राप्त किया। सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अनूपपुर के विद्यार्थियों ने भी अनुकरणीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों एवं जिले का नाम रोशन किया है।

यह रहे परिणाम दीपाली तिवारी – 465/500 (93%) – प्रथम स्थान, अभय तिवारी – 448/500 (89.6%) – द्वितीय स्थान, जया सोनी – 447/500 (89.4%) – तृतीय स्थान, अभि कुमार महरा – 405/500 (81%) – सराहनीय प्रदर्शन, आकृति राठौर / रेहान मंसूरी – 383 (76.6%), संजना सिंह – 376 (75.2%), राघवेंद्र पटेल – 372 (74.4%), पियुष राठौर – 371 (74.2%), श्रैलजा मिश्रा – 369 (73.8%), रेशमा यादव – 361 (72.2%), सरताज मंसूरी – 359 (71.8%), आंचल पटेल – 353 (70.6%), कक्षा 12वीं मे प्रिंस पांडे – 430/500 (86%) – प्रथम, गायत्री गुप्ता – 405/500 (81%) – द्वितीय, प्राची भगत – 399/500 (79.8%) – तृतीय रहे वही युवराज पाल – 382 (76.4%), रूपाली कुशवाहा – 381 (76.2%), अंजलि केवट – 365 (73%), अमित कुमार – 358 (71.6%), गणेश गुप्ता – 350 (70%) अंक प्राप्त किया। कुल 34 विद्यार्थियों में से 32 उत्तीर्ण, 2 को पूरक घोषित किया गया। विद्यालय का कुल परिणाम 90% रहा। 22 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी, 10 द्वितीय श्रेणी और कोई तृतीय श्रेणी में नहीं आया। विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी है एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ व्यक्त की हैं।

नोबल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल जैतहरी का सुयश

हरिभूमि न्यूज जैतहरी। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल की बोर्ड परीक्षा 2025में नोबल पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने फिर कमाल दिखाया। 10वीं एवं 12वीं दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, कक्षा 12 में गणित संकाय के अनुराग प्रजापति पिता शशिवानंद प्रजापति ने 90% सर्वोच्च अंक अर्जित कर विद्यालय एवं नगर का नाम गौरवान्वित किया इनके अतिरिक्त श्रेयांश सोनीपिता मनोज कुमार सोनी, अंशिता सिंह राठौड़ पुत्री संतेश्वर सिंह राठौड़ (अधिवक्ता) अद्रिका जैन पुत्री आदर्श जैन (LIC ऑफीसर) मानसी साहू पिता लोचन साहू, दुर्गेश्वरी पाठक पुत्री मालिक राम पाठक, रुद्राक्ष सिंह ठाकुर पिता शिवराज सिंह ठाकुर, राघवेंद्र सिंह राठौर पिता स्व. सुरेंद्र सिंह राठौड़, रुद्र प्रताप सिंह पिता अमर प्रताप सिंह, अनुष्का सिंह राठौर पुत्री राजकुमार राठौर कांची ताम्रकार पुत्री मनोज ताम्रकार, श्रुति गुप्ता पिता श्याम नारायण गुप्ता, शौर्य अग्रवाल पिताश्री शैलेंद्र अग्रवाल, आलोक द्विवेदी पिता राम अभिलाष द्विवेदी, मोहम्मद फैजल पिता मोहम्मद रईस एवं अन्य छात्र/छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा दसवीं में शिवांशु सराफ पिता शिव सराफ (समाजसेवी) ने सर्वोच्च 94% लाकर विद्यालय, अपने माता_पिता एवं नगर का नाम रोशन कियाइनके अतिरिक्त द्वितीय स्थान पर छात्रा राशि गुप्ता पिता संजय कुमार गुप्ता क्रमशः मोनिका संत पुत्री मोती संत (शिक्षक) ने 90.6%, गायत्री पाठक पुत्री मालिक राम पाठक 88.40%, पल्लवी सिंह मरावी पुत्री शमोहित सिंह मरावी 88.20%, प्रिंसी राठौर पुत्री रमेश सिंह राठौड़ (अधिवक्ता) 85.60% , स्वाति सिंह पुत्री मंगलेश्वर सिंह82.80%, नंदनी साहू पिता लोचन साहू 80% एवं सभी अन्य छात्र/छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में अंक लाकर विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया है।

सुबह खिलती धूप दोपहर बाद हो रही बारिश, एक सप्ताह से चल रहा सिलसिला

बेमौसम बारिश से परेशान हो रहे हैं लोग, बाधित हो रही बिजली

हरिभूमि न्यूज कोतमा। पिछले एक सप्ताह से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र का मौसम प्रतिदिन बदला हुआ रहता है।आंधी तूफान के साथ ही बारिश एवं ओले गिरने का दौर जारी है। मंगलवार को फिर मौसम बदला रहा जहां दिन में धूप खिली रही वहीं दोपहर 4 बजे के बाद अचानक मौसम बदलते हुए बादल छाए रहे रहे शाम सात बजते-बजते आंधी तूफान के साथ बारिश होने लगी एक घंटे तक चली बारिश के दौर से पूरा नगर तरबतर हो गया। चने के दाने के साईज के ओले भी गिरे हैं। बारिश के साथ तेज हवाओं के झोंकों ने मौसम में फिर ठंडक घोलने का काम किया। बारिश के कारण नगर के निचली बस्तियों में जल जमाव के साथ ही मुख्य सड़कों पर पानी भर गया नालियां कचरे से भरी पड़ी है जिसके कारण जल भराव की स्थिति बन रही है। एक घंटे बारिश होने के बाद फिर से बारिश का दौर शुरू हो गया जो लगभग ढेड़ घंटे तक झमाझम बारिश होने का क्रम चलता रहा। आए दिन की बारिश व तेज आंधी तूफान होने के कारण बिजली तार टूटने व जगह जगह पेड़ भी टूट कर बिजली के पोल व तारों को क्षतिग्रस्त कर रहे है। तार एवं पोल क्षतिग्रस्त होने से बिजली भी बाधित हो रही है जिससे लोग परेशान हो रहे हैं। मंगलवार की रात तेज आंधी तूफान चलने के कारण देर रात तक बिजली की आंख मिचौली चलती रही इसका मुख्य कारण तेज आंधी तूफान के साथ ही बिजली की गड़गड़ाहट का होना बताया जा रहा है। जानकारो की माने तो बेमौसम बारिश एवं तेज आंधी तूफान के कारण मौसमी फल आम के साथ सब्जियों तथा नदी मे लगाये गये तरबूज खीरा ककड़ी टमाटर को भी नुकसान हो रहा है। कई दिनों से चल रही तेज तूफान की वजह से आम के फल झड़ गए साथ ही सब्जी को भी काफी नुकसान पहुंच रहा है।

अमरकंटक के स्कूलों का रहा सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक। पवित्र नगरी अमरकंटक के पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित हायर सेकेंडरी 12वीं तथा हाई स्कूल 10वीं का सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम आया है दोनों ही विद्यालयों ने बेहतरीन परीक्षा परिणाम का प्रदर्शन किया है । स्थानीय पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक तथा सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का हायर सेकेंडरी का 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा है वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक तथा सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का हाई स्कूल दसवीं का परीक्षा परिणाम कम से 97.5 प्रतिशत तथा 93.33 प्रतिशत रहा । पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक हाई स्कूल दसवीं में कुल छात्र 124 सम्मिलित छात्र 124 उत्तीर्ण 118 प्रथम श्रेणी 102 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी 12 छात्र छात्राएं तृतीय श्रेणी 4 छात्रा फेल तीन छात्र छात्राएं । 10 वी में आशीष सिंह पिता छोटेलाल 441 /500 88 .1% शिवम माझी पिता संतोष मांझी 422 /500 84.4 % सत्यम यादव पिता शंभू लाल 422 /500 84.4% इसी तरह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर अमरकंटक से शिवांश त्रिपाठी पिता शिव प्रसाद त्रिपाठी 484 /500 96.8% तन्मय जायसवाल पिता संतोष जायसवाल 457 / 500 91.4% प्रिंसी प्रजापति पिता प्रेमलाल प्रजापति 444 / 500 88.8% रहे कल सम्मिलित छात्र-छात्राएं 45 उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं 42 विद्यालय का रिजल्ट 93.33 प्रतिशत रहा। हायर सेकेंडरी 12वीं का परीक्षा परिणाम पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक कुल छात्र-छात्राएं 67 सम्मिलित छात्राएं 66 उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं 66 प्रथम श्रेणी 61 द्वितीय श्रेणी 4 तृतीय श्रेणी 1 बालिका 34 बालक 33 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरकंटक की छात्रा उमा देवी पिता राजकुमार 427 / 500 85.4% नीलिमा राठौर पिता पिता नंद कुमार 424 ब्राते 500 84.8% ।

खबर संक्षेप

पपडेरी समिति में चल रहा खुलेआम पैसा

ब्यौहारी। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा इन दिनों गेहूं की खरीदी की जा रही है उपार्जन केंदो के माध्यम से खरीदी हो रही है लेकिन खरीदी केंद्रों में खुलेआम पैसा चलता है जो पहले पैसा दे देता है उसका काम हो जाता है नहीं तो कई दिन खड़े रहना पड़ता किसी लोगों का काफी नुकसान होता है ग्राम खारपा के किसान छोटू वैष ने बताया कि सेवा सहकारी समिति पपडेरी में गेहूं बेचने के लिए 3 दिन से खड़ा लेकिन अभी तक मेरी खरीदी नहीं हो पाई जो पहले पैसा देता है उसकी खरीदी तुरंत हो जाती नहीं तो ऐसे ही परेशान किया जा रहा है किसानों ने पपडेरी उपार्जन केन्द्र प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है

सिविल अस्पताल के सामने हो रहा फर्जी ईसीजी

ब्यौहारी । सिविल अस्पताल ब्यौहारी के ठीक सामने एक पैथालाजी सेंटर में फर्जी तरीके से ईसीजी की रिपोर्ट निकाली जा रही है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जब हम किसी व्यक्ति की ईसीजी करते हैं तो उसकी रिपोर्ट 5 मिनट में ही प्राप्त हो जाती लेकिन यहां पर रिपोर्ट 1 घंटे बाद दी जाती और कहा जाता है कि रिपोर्ट इंदौर से मोबाइल में आती है एक हृदय जांच की एक महत्वपूर्ण कड़ी है और जब किसी को हृदय में तकलीफ होती है तब इसकी जांच की जाती और रिपोर्ट की तुरंत आवश्यकता रहती है की हृदय कैसा चल रहा है लेकिन यदि रिपोर्ट 1 घंटे बाद आएगी तब उसे रिपोर्ट का क्या मतलब इस तरह से लोगों को बेवकूफ बनाया जा रहा । इस तरह से घातक बीमारी की जांच में लोगों की जान के साथ खेलवाड़ किया जा रहा है क्षेत्र वासियों ने कलेक्टर से फर्जी ईसीजी जांच करने वाले पैथोलॉजी सेंटर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

जल गंगा संवर्धन अभियान

ब्यौहारी। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड ब्यौहारी के ग्राम पंचायत साखी में जल स्रोत कुआं के आसपास साफ सफाई किया गया। एवं जल जल स्रोतों के संरक्षण के विषय पर चर्चा की गई। जिसमें उपस्थित वार्ड पंच श्रीमती आरती राठौर **cmcldp** प्रतिभागी शेषमन राठौर उपस्थित ग्रामीण जनों के साथ मिलकर आदि लोगों ने कुआं के आसपास साफ सफाई एवं श्रमदान की। जिसमें जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के मैटर्स हीरालाल साहू की उपस्थिति रही।

चोरी गई बाइक को पुलिस ने किया बरामद

कटनी। बरही पुलिस ने बीते माह चोरी हुई बाइक को बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार 23.04.25 के रात्रि करीब 10 बजे शादी कार्यक्रम मे शामिल होने आये एक व्यक्ति ने अपनी मोटरसाईकिल क्र. **MP** 21 **MP** 9817 को पेट्रोल पम्प के सामने खड़ा कर शामिल हुआ था। रात्री 11 बजे जब वापस बाहर आया तो देखा मोटरसाईकिल वहां पर नही थी। आस पास तलाश किया जो नहीं मिली मोटरसाईकिल को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। टीम गठित कर उक्त मोटरसाईकिल और अज्ञात चोर की तलाश पतासाजी की गई। कोई अज्ञात चोर मोटरसाईकिल को रेल्वे लाईन के किनारे पकड जाने के डर से रख गया जिसे मोके से जप्त किया गया है अज्ञात चोर को जल्द ही पकड़ा जावेगा कार्यवाही में निरी. शैलेन्द्र सिंह यादव, उनि सेंगर, प्र.आर. सतीश हल्दकार, प्र.आर. अजय पाठक व आरक्षक विवेक श्रीवास्तव की मुख्य भूमिका रही।

लोकअदालत में जानकारी संकलन की लगाई ड्यूटी

कटनी। आगामी 10 मई को होने वाले प्रदेशव्यापी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण होना है। इसी के मद्देनजर जिले में लोक अदालत में विभिन्न खण्डपीठों से जानकारी संकलन किये जाने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी सुबह 10.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 17 में लगाई गई है। डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी द्वारा जारी ड्यूटी आदेश के अनुसार अनुभाग स्तर से जानकारी संकलन हेतु दिलीप सिंह मरावी नायब तहसीलदार नजूल कटनी, बृज बिहारी दुबे राजस्व निरीक्षक नजूल कटनी, ओमप्रकाश तिवारी सहायक ग्रेड-3 कलेक्टर कार्यालय कटनी की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार कार्यालय कार्यवाही के लिए कलेक्टर कार्यालय कटनी में पदस्थ प्रदीप श्रीवास्तव सहायक ग्रेड-3, शैलेन्द्र देशमुख सहायक ग्रेउ-3, गणेशन पिल्लई भृत्य एवं संतोष धुर्वे भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है।

तेज आंधी में गिरे 2 विद्युत टावर

ब्यौहारी

ब्यौहारी विकास खंड के बुडवा छेत्र अंतर्गत ग्राम सुखाड में तेज आंधी तूफा में गिर गए दो विद्युत टॉवर बिजली अधिकारी कह रहे ठीक होने में लगेगा दो सप्ताह गत दिवस तेज हवाओं और बवंडर के कारण विंध्य क्षेत्र स्थित मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की 220 केवी अमरकंटक-सीधी तथा 220 केवी सीधी-रीवा ट्रांसमिशन सर्किट के चार टॉवर क्षतिग्रस्त हो गये। इस कारण अमरकंटक से सीधी 220 केवी सर्किट में विद्युत प्रवाह प्रभावित हुआ, लेकिन 220 केवी सब-स्टेशन सीधी में वैकल्पिक ट्रांसमिशन सप्लाई उपलब्ध होने से क्षेत्र में इस कारण कोई विद्युत व्यवधान नहीं हुआ। क्षेत्रवासियों ने टावर का शीघ्र मरम्मत कराया जाने की मांग की है।

शिशुवाटिका की संकल्पना प्रभात सिंह

बिरसिंहपुर पाली

विद्याभारती सरस्वती उच्च. माध्यमिक विद्यालय बिरसिंहपुर पाली जिला उमरिया में प्रांतीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग के द्वितीय दिवस के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता श्री प्रभात सिंह जी, श्री सी. पी. विश्वकर्मा (अध्यक्ष) , श्रीमती कौशल्या चक्रवर्ती (विशिष्ट अतिथि), श्रीमती सुधा विश्वकर्मा (पूर्व छात्रा) , श्री नंदलाल प्रजापति (सह जिला सचिव उमरिया) की उपस्थिति रही, प्रातः अग्नि होत्र (हवन) कार्यक्रम में श्री नंदलाल सोनी जी(क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक पाली) सपरिवार यजमान के रुप में उपस्थित रहे प्रथम सत्र में श्री प्रभात सिंह जी ने शिशु वाटिका के बारह शैक्षिक व्यस्थाओं के बारे में चित्र के माध्यम से सरल विधि से प्रशिक्षार्थियों को पाथेय प्रदान किए ।

धनपुरी में श्रीमद्भागवत कथा एवं उपनयन संस्कार का भव्य आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

धनपुरी।

नगर के वार्ड क्रमांक 14 धनपुरी नंबर 4 में स्थित निजी निवास पर समस्त मिश्रा परिवार के तत्वावधान में दिनांक 1 मई से 10 मई 2025 तक श्रीमद् भागवत कथा एवं उपनयन संस्कार (ब्रतबंध) का आयोजन किया गया है। धार्मिक माहौल में हो रहे इस आयोजन में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु जन पहुंच रहे हैं। कथा श्रोता कृष्ण पाल मिश्रा श्रीमती गायत्री मिश्रा समस्त मिश्रा परिवार के द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।कथा वाचन आचार्य निशीकृष्ण पाण्डेय जी (श्री वृंदावन धाम) के श्रीमुख से किया जा रहा है, जिनकी भावपूर्ण वाणी और रोचक शैली में श्रीमद्भागवत पुराण की व्याख्या श्रोताओं को अध्यात्म और भक्ति रस में सराबोर कर रही है। कथा का समय प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक निर्धारित किया गया है।कार्यक्रम के व्यवस्थापक शिवम मिश्रा, शिवांश मिश्रा एवं शुभम मिश्रा हैं। उपनयन संस्कार (ब्रतबंध) का आयोजन 9 मई को सोमवार के दिन बड़े ही विधि-विधान से सम्पन्न होगा।श्रद्धालुओं के लिए आयोजन स्थल पर बैठने की उत्तम व्यवस्था की गई है, साथ ही प्रसाद वितरण की भी विशेष व्यवस्था है। समस्त मिश्रा परिवार द्वारा श्रद्धालुओं के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।इस धार्मिक अनुष्ठान में नगरवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है और प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु पहुंच रहे हैं। आयोजकों द्वारा सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ प्राप्त करें।

उपक्षेत्र कार्यालय के बाहर दिया धरना, संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) ने सौंपा 12 सूत्रीय ज्ञापन

ठेका श्रमिकों ने वेतन और सुविधाओं को लेकर खोला मोर्चा

धनपुरी।

कोल इंडिया की खदानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों ने अब अपने अधिकारों की लड़ाई खुलकर लड़नी शुरू कर दी है। सोहागपुर एरिया के सभी यूनिटों सहित अमलाई-बगवार दामनी उपक्षेत्र कार्यालय के बाहर ठेका श्रमिकों ने संयुक्त कोयला मजदूर संघ (एटक) के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।गत 5 मई को सुबह से ही ठेका श्रमिक भारी संख्या में बंगवार भूमिगत माइंस गेट पर एकत्र हुए। प्रदर्शन की अगुवाई एटक सोहागपुर एरिया अध्यक्ष रावेद्र शुक्ला, सचिव राजेश चन्द्र शर्मा, सच्चिदानंद यादव, दीपक राय, मुकेश राय और हरीलाल समेत यूनियन पदाधिकारियों सहित काफी संख्या में ठेका श्रमिकों की उपस्थिति रही। हाई पावर कमेटी द्वारा तय वेतन नहीं मिल रहासंघ का आरोप है कि हाई पावर कमेटी (एचपीसी) द्वारा तय वेतन दरों का अब तक पालन नहीं किया गया है। ठेका श्रमिकों को कोल इंडिया द्वारा मान्य एचपीसी वेज मिलना चाहिए, लेकिन कई ठेकेदार अब भी पुराने वेतन पर ही श्रमिकों से काम करवा रहे हैं।बच्चों को शिक्षा, श्रमिकों को सुरक्षा और सम्मान की दरकारज्ञापन में मांग की गई है कि ठेका श्रमिकों के बच्चों को केंद्रीय विद्यालय जैसी संस्थाओं में शिक्षा का अवसर मिले। इसके अलावा काम के दौरान सभी सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट, गमबूट आदि उपलब्ध कराए जाएं। कई मामलों में श्रमिक बिना सुरक्षा उपकरणों के खतरनाक काम कर रहे हैं।8 घंटे से ज्यादा काम, लेकिन बोनस में कटौतीश्रमिकों से 8 घंटे से अधिक काम लिया जा रहा है, लेकिन उसके अनुरूप वेतन और बोनस नहीं मिल रहा। जेएमएस जैसे प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों को पीआरएल सालाना बोनस या तो कम दिया गया या पूरी तरह रोक दिया गया। कुछ ठेकेदारों ने भुगतान ही नहीं किया।स्थानीय ग्रामीणों को प्राथमिकता और आवास की मांगसंघ ने मांग रखी है कि खान क्षेत्र से प्रभावित ग्रामीणों को प्राथमिकता के आधार पर काम दिया जाए। साथ ही अवैध कब्जा हटाकर ठेका श्रमिकों को आवास आवंटित किए जाएं।आंदोलन को मिल रहा है व्यापक समर्थनइंडियन माइन वर्कर फेडरेशन (आईएमडब्ल्यूएफ) और एसआईसीएल के आह्वान पर संपूर्ण कोल इंडिया में यह आंदोलन शुरू हुआ है। अमलाई-बंगवार दामनी क्षेत्र में भी श्रमिकों ने एकजुट होकर यह संदेश दे दिया है कि अब शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो यह आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

ग्राम पंचायत ऊपरी वसही में भारी तूफान और बारिश, ओले गिरने व तूफान चलने से करीब डेढ़ दर्जन मकान गिर गए

ब्यौहारी। छप्पर पलट गई और पेड़ जो है मकान में गिरे जिससे सारी तबाही हुई और पुरुषोत्तम साहू का मकान मुन्नू पाल बेटू पाल रामकेश पटेल अंगद कुशवाहा आदि लोगों का मकान छप्पर पलट जाने के कारण और पेड़ मकान में गिर जाने के कारण लोगों का रहना मुश्किल हो गया है यह प्राकृतिक आपदा है जो कुछ ही पल में कुछ ही समय में तहस-नहस करके चला जाता है जो जान माल का नुकसान तो नहीं हुआ पर मकान का ही नुकसान हुआ है और पेड़ पेड़ गिरने से जो नुकसान हुआ है यह ग्राम पंचायत बसही ऊपरी का तबाही था अब सरकारी अमला राजस्व विभाग क्या सर्वे करके आर्थिक रूप से सरकार को सहयोग करने की जरूरत है सभी ग्रामीण वासी सरकारी विभाग को सूचित कर दिया है जो की 8 मई को पटवारी तहसीलदार सर्वे करने जाएंगे ग्रामीणों को राजस्व विभाग से यही उम्मीद है कि उनकी जो प्राकृतिक आपदा नुकसान हुआ है उसकी आर्थिक मदद की जरूरत है।

नगर निगम द्वारा लगाई गई याचिका सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गई खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन के बाहर स्थित नगर निगम के वाणिज्यिक केंद्र (राजीव गांधी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स) के सम्बन्ध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नगर निगम द्वारा लगाई गई याचिका खारिज कर दी गई है।

पार्षद मिथलेश जैन ने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त मामले में पूर्व में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त आर्बिटेटर ने ठेकेदार खुशीराम एंड कंपनी के पक्ष में आदेशित करते हुए निर्देश दिया था कि नगर निगम ठेकेदार को 23.60 करोड़ की राशि अदा करे जिसके खिलाफ नगर निगम कटनी के अधिकारियों के कू संयोजन व लापरवाही के चलते नगर निगम अधीनस्थ न्यायालय, जिला न्यायालय, उच्च न्यायालय से हारने के बाद सुप्रीम कोर्ट से भी पराजित हो गई है

नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रागिनी मनोज गुप्ता ने मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव से मांग की है कि गंभीर भ्रष्टाचार करके ठेकेदार को जिताने के लिए नगर निगम के वकीलों और अधिकारियों ने ठेकेदार के साथ मिलीभगत करते हुए नगर निगम का पक्ष न्यायालयों में उचित व प्रभावी रूप से नहीं रखा जिससे नगर निगम की बिल्डिंग बिकने की नौबत आ चुकी है

घुनघुटी में जोगनी माता मंदिर में भव्य जवारा जुलूस निकाला गया

हजारों की संख्या में जवारों का विशरजन किया

घुनघुटी शहडोल

घुनघुटी मे जोगनी माता मंदिर मे भव्य जवारा जुलूस निकाला गया वहीं युवाओं द्वारा भव्य भंडारा आयोजित किया गया हजारों की संख्या मे जवारो का विशरजन किया गया वहीं मां काली के रूप नाचते हुए जवारा जुलूस निकाला गया हजारों की संख्या मे लोगो ने भाग लिया वहीं मंदिर के पास युवाओं द्वारा भव्य भंडारा आयोजित किया गया हजारों की संख्या मे लोगो ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया युवाओं द्वारा हर साल भंडारा आयोजित किया जाता है विनय केवट भारत नायक संजू खटिक अशोक नायक अनुज शिवहरे राहुल शिवहरे श्रेष्ठ शिवहरे प्रदीप खांडे अभय राज सिंह घुनघुटी सभी ने अपना योगदान दिया

खबर संक्षेप

अवैध शराब परिवहन पर बिजुरी पुलिस की कार्यवाही

बिजुरी। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के द्वारा अवैध गतिविधियों एवं कारोबार करने वालो पर कडी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है जिसके अनुपालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मो. इसरार मंसूरी एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा श्रीमति आरती शाक्य के मार्गदर्शन मे थाना बिजुरी मे 05.05.25 को मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना कि आरोपी राजेश लकडा अपनी टी व्हीएस जूपिटर स्कूट क्र सीजी 16 सीटी 3928 मे अवैध शराब कोरजा तिराहे के पास बिजुरी मे बिक्री के उद्देश्य से ले जा रहा है सूचना पर बिजुरी पुलिस द्वारा कोरजा तिराहे के पास रेड की कार्यवाही कर आरोपी राजेश लकडा पिता बहादुर लकडा उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम झीमर पौराधार थाना रामनगर के पास से प्लास्टिक की ट्यूब ,ब्लेडर मे 20 लीटर हाथ भट्ठी की देशी महुआ शराब तथा एक टीव्हीएस जूपिटर स्कूटी रजिस्ट्रेशन क्र. सीजी 16 सीटी 3928 को कुल मशरुका 62000/- रुपये का जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अप. 137/25 धारा 34(1) आब एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया।

विभागीय नीतियों/नियम से अवगत कराने कार्यशाला का आयोजन कल

अनूपपुर। जिले में विभागीय नीतियों/नियम एवं **RAMP** योजना से अवगत कराने हेतु 09 मई को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें एमपी एमएसएमई डेवलपमेंट पालिसी 2025, एमपी एमएसएमई लैण्ड रूल 2025, एमपी स्टार्ट अप पालिसी 2025, **LEAN**, **IPR** एवं **ZED** स्कीम आदि से अवगत कराया जाएगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र अनूपपुर के महाप्रबंधक आर.एस.डावर ने जिले के उद्यमी, लघु उद्योग संघ, व्यापारी संघ एवं उद्योग/व्यवसाय स्थापित करने के इच्छुक व्यक्तियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यशाला में उपस्थित होकर विभागीय नीतियों/नियमों की जानकारी से अवगत होकर लाभ प्राप्त करें।

पोषण आहार वितरण प्रणाली को और अधिक व्यवस्थित व सुगम बनाया जाए-कलेक्टर

अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में टेकहोम राशन (टीएचआर) का परिवहन एवं वितरण समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज बच्चों एवं महिलाओं को वितरण किए जा रहे पूरक पोषण आहार के वितरण प्रणाली को और अधिक व्यवस्थित व सुगम बनाया जाए, जिससे उन्हें समय पर पोषण आहार मुहैया हो सके। कलेक्टर हर्षल पंचोली बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

परोसी जा रही अवैध शराब, शाम ढलते ही जमती है महफिल

मयखानों में तब्दील हुये एनएच 43 के ढाबे

व्यापारी व सभ्य समाज के लोग परेशान

थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अनेक गांवों में जहां अवैध शराब का व्यापार तेजी से पनप रहा है वही एन.एच.43 कोतमा के बुढानपुर तिराहा केशवाही तिराहा के आगे एच पी पेट्रोल पंप के आसपास स्थित ढावों में शाम ढलते ही शराबियों की महफिल जमती है और खुलेआम जाम से जाम छलकाये जाते हैं

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।

बिना किसी डर भय के ढाबा संचालक अवैध शराब का विक्रय कर रहे हैं और यहीं बैठकर शराबी खुलेआम शराबखोरी करते हैं। इस संबंध में अनेको बार स्थानीय आबकारी विभाग का ध्यान आकर्षित कराया गया परंतु इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया । बिना किसी भय के ये ढाबा संचालक खुलेआम अवैध शराब का विक्रय कर रहे हैं शाम ढलते ही इन संचालित ढाबो में शराबियों का हुजूम लगता है और खुलेआम महफिल जमा कर जाम से जाम छलकते हैं इसके बाद यहां लड़ाई झगड़ा व अन्य आपराधिक घटनाओं की शुरुआत होती है । नगर के प्रबुद्ध जनों ने इस ओर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से ध्यान देने की मांग की है ।

व्यापारी व सभ्य समाज के लोग परेशान

जहां एक ओर प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव द्वारा प्रदेश की जनता को नशा से मुक्ति दिलाने के लिए तरह-तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं वहीं कोतमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 सहित बस स्टैंड के आगे रिहायशी क्षेत्र मे सड़क किनारे शाम ढलते ही जमकर शराबखोरी हो रही है जिससे सभ्य समाज के लोगों का जीना दुश्वार हो गया है शराबियों द्वारा आए दिन खुलेआम शराबखोरी कर लड़ाई झगड़ा व समाज को शर्मसार कर देने वाली हरकतें की जाती है इनके आतंक से मुक्ति दिलाने हेतु अनेकों बार गांव का प्रबुद्ध समाज एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मोहनी धर्मेंद्र वर्मा के द्वारा स्थानीय प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया परंतु इन शराबियों के ऊपर ठोस कार्यवाही न होने के कारण इनके हौसले बुलंद है। भाजपा नेता धर्मेंद्र वर्मा का कहना है की शाम ढलते ही यह शराबी जाम से जाम टकराते हैं चाय पान की होटल दुकाने शाम के वक्त मयखाने में तब्दील हो जाती हैं और यहां का वातावरण बहुत ही गंदा हो जाता है। इस दिशा में थाना प्रभारी से आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है।

महिलाओं का घर से निकला मुश्किल

नगर के वार्ड क्रमांक 4 बस स्टैंड के आगे स्थित देशी अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान को रिहायसी क्षेत्र से हटाए जाने को लेकर जिला कलेक्टर सहित जिला आबकारी अधिकारी को स्थानीय वासियों ने ज्ञापन देते हुए मांग की थी कि रिहायशी क्षेत्र में शराब दुकान होने के कारण घरों के आसपास छोटे-छोटे कई होटल संचालित है जिसमें सुबह से लेकर देर रात तक शराब खोरी के साथ ही लड़ाई झगड़ा करते हुए गाली गलौज किया जाता है यहां तक कि महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल है इन शराबियों एवं असामाजिक तत्वो के द्वारा महिलाओं को देखकर छींटाकशी की जाती है। जिसके कारण महिलाओं का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। ज्ञापन के माध्यम से देसी अंग्रेजी कंपोजिट शराब दुकान को अन्य हटाए जाने की मांग भी की गई थी लेकिन प्रशासन के द्वारा उन मांगों पर आज तक ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण आसपास के रहवासी परेशान है।

इधर फुनगा में स्कार्पियो वाहन ने उगला 41 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान एवं अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी अनूपपुर के द्वारा जिला अनूपपुर में अवैध शराब परिवहन करने वालो माफियाओं के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भालूमाड़ा संजय खलको के दिशा निर्देशन में अवैध शराब परिवहन करने वाले आरोपियो पर कार्यवाही की गई है। 7 मई को विश्वसनीय मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि कोतमा तरफ से एक सफेद रंग की स्कार्पियो कार में अवैध शराब लेकर शहडोल तरफ परिवहन हेतु जा रही है मुखबिर की सूचना पर हमराह स्टाफ व गवाहन को साथ मे लेकर चौकी के सामने नाकाबंदी किया कोतमा तरफ से एक सफेद रंग की स्कार्पियो कार मुखबिर की सूचना अनुसार दिखाई दी मौके पर नाकाबंदी कर स्कार्पियो कार को रोकने का प्रयास किया। तब मौके पर स्कार्पियो कार का चालक कार को कुछ दूरी पहले रोककर अंधेरे का लाभ लेकर भाग गया स्कार्पियो कार का नंबर **MP**18**T**2523 था स्कार्पियो कार के अंदर बीच वाली सीट पर 18 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब एवं पीछे वाली सीट के पास अंग्रेजी गोवा शराब 22 पेटी प्रत्येक पेटी में 50 पाव 180 **ml** के पाये गये कुल गोवा अंग्रेजी शराब की 40 पेटी प्रत्येक में 50 पाव होने से कुल मात्रा 360 लीo कीमती 260000 एवं एक अदद रोयल स्टेज की अंग्रेजी शराब की 01 पेटी जिसमें 24 अद्धा प्रत्येक में 375**ml** जिसकी कुल मात्रा 09 लीटर कीमती 12480 रुपये कुल अंग्रेजी शराब 369 लीटर जिसकी कुल कीमत 272480 रुपये चालक के बगल वाली सीट पर एन्ड्रॉइड मोबाइल कीमती 20000 रुपये का पाया गया उपरोक्त अवैध अंग्रेजी शराब कुल कीमती 272480 मोबाइल की कीमत 20000 एवं स्कार्पियो वाहन क्र. **MP**18**T**2523 की कीमत 15 लाख रुपये कुल कीमत 1792480 रुपये को समक्ष गवाहान वजह सबूत जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया। स्कॉर्पियो वाहन के चालक के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दण्डनीय पाये जाने पर अपराध क्र. 188/25 धारा 34 (2) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक सोने सिंह परस्ते, सउनि कोमल अरजरिया. प्र.आर. सुर्यभान सिंह, आर. वीर सिंह, अमन दुबे शामिल रहे।

आदिगुरु शंकराचार्य जी के जन्मदिवस पखवाड़े पर व्याख्यानमाला का हुआ आयोजन

एकात्म पर्व के रूप में जन अभियान परिषद ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

आदि गुरू शंकराचार्य, जीवन एवं दर्शन व्याख्यानमाला का आयोजन जन अभियान परिषद विकासखंड अनूपपुर द्वारा शासकीय तुलसी महाविद्यालय में किया गया। आदि गुरू शंकराचार्य जी की जंयति प्रतिवर्ष वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। इस अवसर पर व्याख्यानमाला पखवाडें का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखण्ड अनूपपुर द्वारा एकात्म पर्व, शंकर जीवन दर्शन पर व्याख्यानमाला का किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि रामलाल रौतेल कोल विकास प्राधिकरण अध्यक्ष ने आचार्य शंकर के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य अनिल सक्सेना, नगर पंचायत बरगवां के उपाध्यक्ष डॉ राज तिवारी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक उमेश पाण्डेय, मुख्य वक्ता के रूप में डॉ नीरज श्रीवास्तव व्यख्याता तुलसी महाविद्यालय, डॉ देवेंद्र तिवारी पी आर टी कॉलेज अनूपपुर उपस्थित रहे। जिला समन्वयक उमेश पांडेय ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर अपने विचार रखे स्वागत उद्बोधन विद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल सक्सेना द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ नीरज ने आचार्य शंकर के अद्वैत मत के संदर्भ में आचार्य शंकर के जीवन वृत्त एवं वर्तमान जीवन में सनातन धर्म को अपनाने कर अपनी संस्कृति सभ्यता को विश्व में प्रथम स्थान पर रख जीवन को सफल बनाने कें लिए मार्गदर्शन दिया उन्होने कहा कि हिंदू धर्म के प्रचार-प्रसार में सबसे बड़ी भूमिका आदि शंकारचार्य जी की मानी जाती है। आदि शंकराचार्य जी ने सनातन परंपरा को एक सूत्र से जोड़कर रखने के लिए देश के चार धामों में मठों की स्थापना की, कहते हैं कि महज 8 साल की उम्र में इन्हें वेदों का ज्ञान प्राप्त हो गया था एवं शंकराचार्य जी ने 32 वर्ष की आयु में समाधि ली। मुख्यातिथि रामलाल रौतेल जी ने कहा गुरु शंकराचार्य भारतीय गुरु और दार्शनिक थे, उनका जन्म केरल के कालपी नामक स्थान पर हुआ था। आद्य शंकराचार्य को भगवान शिव अवतार के रूप मे माना जाता है। आदि गुरु शंकराचार्य ने अद्वैत वेदांत के दर्शन का विस्तार किया। उन्होंने उपनिषदों, भगवद गीता और ब्रह्मसूत्रों के प्राथमिक सिद्धांतों जैसे हिंदू धर्मग्रंथों की व्याख्या एवं पुनर्व्याख्या की। कार्यक्रम का संचालन पुष्पेंद्र नामदेव ने व आभार विक्रम सिंह परामर्शदाता के द्वारा किया गया आयोजन में सीएमसएलडीपी परामर्शदाता, विद्यार्थी, समाजसेवी, प्रस्फुटन व नवांकुर संस्था सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता, सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों ने सहभगिता कर कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपना योगदान दिया।

कलेक्ट्रेट परिसर अनूपपुर के लिए डीएम ने जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

अनूपपुर। कार्यालय कलेक्टर अनूपपुर में जुलूस, आमसभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के आए दिन उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होता है एवं परिशांति भंग होने की संभावना बनी हुई है। जिसे दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट हर्षल पंचोली ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय अनूपपुर के परिसर में ध्वनि विस्तार यंत्र पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित किया गया है। ज्ञापन सौपे जाने के लिए कलेक्टर कार्यालय परिसर के मुख्य द्वार (मेनगेट) पर ही शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाए रखते हुए व्यक्ति/संगठन कार्यकर्ताओं द्वारा अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। कोई भी दल/संगठन/आंदोलनकारी व्यक्ति, जुलूस/आमसभा या नारेबाजी/ज्ञापन आदि सौंपे जाने से 3 दिवस पूर्व अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त करेंगे और निर्धारित स्थल पर ही उक्त गतिविधियां करेंगे। प्रतिबंधात्मक आदेश में उल्लेखित किया गया है कि आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अंतर्गत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। यह आदेश 2 माह तक की अवधि के लिए प्रभावशील होगा।

सामुदायिक समर्थन के साथ एमबी पावर की 1600 मेगावाट विस्तार योजना को मिली गति

हरिभूमि न्यूज जैतहरी।

एमबी पावर (मध्यप्रदेश) लिमिटेड की प्रस्तावित 1600 मेगावाट विस्तार योजना को अनुपपुर जिले में आयोजित जनसुनवाई के दौरान व्यापक सामुदायिक समर्थन मिला है। यह जनसुनवाई मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कंपनी के वर्तमान 2X630 मेगावाट संयंत्र में 2X800 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता के विस्तार हेतु आयोजित की गई थी, जो नियामकीय स्वीकृति के अधीन है। यह जनसुनवाई शासकीय महाविद्यालय, लहरपुर में पर्यावरणीय और जिला अधिकारियों की देखरेख में संपन्न हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहडोल के क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अनुपपुर श्री दिलीप पांडे ने की। आसपास के गांवों से आए नागरिकों ने पर्यावरणीय सुरक्षा, जल उपयोग, उत्सर्जन और दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभाव जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि अब ग्रामीण समुदायों में कॉरपोरेट जवाबदेही के प्रति जागरूकता और अपेक्षाएं बढ़ रही हैं। इन बिंदुओं पर कंपनी के अधिकारियों ने विकास योजनाएं प्रस्तुत कीं तथा प्रदूषण नियंत्रण, वनीकरण और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कंपनी द्वारा कौशल प्रशिक्षण और आधारभूत संरचना विकास जैसे कार्यों में पूर्व से की गई सहभागिता ने जनविश्वास अर्जित करने में मदद की। समग्र वातावरण सहयोगात्मक रहा, कुछ नागरिकों ने यह अपेक्षा जताई कि CSR के धन को स्थानीय लोगों की प्राथमिकता के अनुसार व्यय किया जाए, वहीं स्थानीय वरिष्ठ जन प्रतिनिधियों ने मौजूदा 2x630 MW थर्मल पावर प्लांट में 2x800 MW के कोयला आधारित अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के वृद्धि के लिए अपना पूर्ण रूप से समर्थन दिया, इन प्रतिनिधियों में विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष एवं बीजेपी वरिष्ठ नेता अनिल गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती राठौर, कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य, भूपेंद्र सिंह, बीजेपी नेता जय प्रकाश अग्रवाल, पूर्व नगर परिषद जैतहरी अध्यक्ष श्रीमती नवरत्नी शुक्ला, नगर परिषद जैतहरी के उपाध्यक्ष एवं बीजेपी नेता रवि राठौर शामिल रहे। सशर्त सामुदायिक समर्थन के साथ यह जनसुनवाई एमबी पावर की विस्तार योजना की अनुमोदन प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई है, जो यह दर्शाता है कि बड़े औद्योगिक प्रोजेक्टों में निरंतर जनसंपर्क और सहभागिता कितना आवश्यक है।

मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराकर भरोसा करें कायम

प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को बनाया जाए सशक्त-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने व समय पर चिकित्सक एवं स्टॉफ की उपस्थिति के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मरीजों को समुचित ईलाज उनके निकटवर्ती स्वास्थ्य केन्द्रों में मुहैया कराए जाने पर जोर दिया। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में स्वास्थ्य अधिकारियों एवं सेक्टर सुपरवाईजरों की बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, प्रमुख खण्ड चिकित्सा अधिकारी तथा स्वास्थ्य कार्यक्रमों के जिला स्तरीय प्रभारी अधिकारी व स्वास्थ्य पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को सशक्त करने पर जोर दिया। उन्होने कहा है कि प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, जांच आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार फ्लैक्स प्रदर्शित कर किया जाए। उन्होंने प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के बेहतर उपचार के लिए चिकित्सकों तथा स्टॉफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है। कलेक्टर ने प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को आकर्षक बनाए जाने तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने को कहा है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने उपकरण की कमी की पूर्ति के लिए प्रस्ताव देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का कायाकल्प भी किया जाए तथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर मरीजों का भरोसा कायम करें। बैठक में कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के समुचित देखभाल व संस्थागत प्रसव पर बेहतर परिणाम परिलक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों को अपने क्षेत्रांतर्गत बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सशक्त होंगे तो जिला चिकित्सालय में छोटे-छोटे स्वास्थ्य कारणों से आने वाले मरीजों की संख्या घटेगी। जिससे ओपीडी के भार में भी कमी आएगी। उन्होंने जिले में पदस्थ चिकित्सकों को आवश्यकता के अनुरूप पदस्थ करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सीएम हेल्पलाईन में दर्ज प्रकरणों की समीक्षा के दौरान लंबे समय से शिकायतों का निराकरण नही होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने लंबित शिकायतों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन की प्राथमिकता तय कर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए व्हॉट्सएप ग्रुप बनाए जाने, सीएम डैशबोर्ड तथा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के प्रगति से प्रतिदिन अवगत कराए जाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होने बैठक में दिए गए निर्देशों का 15 दिवस के अन्दर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा है।

कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री आयेंगे अनूपपुर

अनूपपुर। मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल 07 मई को रात्रि 10:14 बजे ट्रेन द्वारा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन भोपाल से अनूपपुर हेतु प्रस्थान करेंगे तथा 08 मई को प्रातः 10:31 बजे रेलवे स्टेशन अनूपपुर पहुंचेंगे व बिजुरी हेतु प्रस्थान करेंगे। प्रातः 11:20 बजे बिजुरी पहुंचेंगे एवं स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे